RAF SECTOR

NEWS CLIP

25/09/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

स्वच्छता को अपना कर रहें निरोग

नरवा. महात्मा गांधी के शब्द स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है को रैफ 106 बटालियन सुंदरनगर के सभी इकाईयों के जवान चरितार्थ करने का प्रयास कर रहें हैं. महात्मा गांधी के सपनों को पूरा करने के लिये भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा के तहत मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया. यह अभियान रैफ 106 बटालियन सुंदरनगर जमशेदपुर के कमांडेंट पीके सिंह के दिशा निर्देश एवं बी/ 106 बटालियन के उप कमांडेंट बिजेंद्र कुमार एवं सहायक कमांडेंट विजय आनंद के नेतृत्व में गोद लिये गांव कदमदीह में चलाया गया. उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपनायें और और निरोग रहें. उन्होंने लोगों को स्वच्छता से होने वाले फायदे एवं प्लास्टिक अवशिष्ट तथा पॉलिथिन से होने वाले नुकशान के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी. पॉलिथिन बैग के बदले कपड़ा या जूट का झोला व्यावहार में लाने की अपील की गयी.

Dainik Jagran (Jamshedpur,JKD)

जवानों को तनाव मुक्त रखने को योग का प्रशिक्षण

जमशेदपुर : सुंदरनगर द्रुत कार्य बल 106 बटालियन मे तीन माह का योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। शिविर में भारत के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे 84 अर्ध सैनिक बल सीआरपीएफ के जवान भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह ने कहा कि योग विद्या के दम पर भारत ने विश्व में अपना परचम लहराया है। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट अनामी शरण, सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह व अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे। (जासं)

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।